उत्तराखंड में 28 नवंबर से होगा 6वाँ वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

- 3 अक्तूबर, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारवार्ता कर जानकारी दी कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आगामी 28 नवंबर से एक दिसंबर तक 6वाँ वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि सम्मेलन में कई देशों और राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर होंगे।
- सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश और दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच मंथन होगा। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन के साथ आपदा प्रबंधन के विषयों पर चर्चा होगी।
- इस सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना एवं उनका समाधान करना है।
- सम्मेलन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों सहित विभिन्न संस्थानों में आपदा प्रबंधन के विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा।
- 28 नवंबर को उद्घाटन सत्र होगा। वहीं, सम्मेलन में चार सत्र होंगे, जिसमें 50 टेक्निकल सत्र होंगे। सम्मेलन में कई देशों के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक शामिल होंगे।
- आपदा प्रबंधन विभाग इसे लेकर मेगा शो का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-global-disaster-management-conference-to-be-held-in-uttarakhand-from-november-28